कार्यालय जिला पंचायत, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष :- 07781-252288 फैक्स 07781-252287, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

—:: संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::—

क्रमांक/249 /जि.पं./स्था./2015—16 नारायणपुर दिनांक25.04.2015

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर का पत्र कमांक/1324/प.ग्रा.वि.वि/2010 रायपुर दिनांक 03.06.2010 (MGNREGA), पत्र कमांक/1702/पंग्राविवि/22/2012 रायपुर दिनांक 21.02.2012 (IWMP),कमांक/8580/वि—6/इ.आ.यो.—130/2013 रायपुर दिनांक 09.02.2013 (IAY) में दिए गए निर्देश के तहत् रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन अनुसार निम्न पदों पर दिनांक 31.03.2016 तक के लिए संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15.05.2015 तक समय 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :—

क0	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	आरक्षण	निर्धारित अर्हता	एकमुश्त वेतन प्रतिमाह
1	2	3	4	5	6
1	सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा)	01	अनारक्षित —01	किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण, मान्यता प्राप्त संस्था से पी.जी.डी.सी.ए. एवं शासकीय विभाग में ग्रामीण विकास कार्य का अनुभव।	24870/-
2	लेखापाल (जनपद स्तर) (मनरेगा)	02	अजजा —02	55 प्रतिशत में बी.काम (अ.ज.जा एवं अ.जा. हेतु 50 प्रतिशत में बी.कॉम	10670/-
3	तकनीकी विशेषज्ञ (WCDC) (जलग्रहण प्रबंधन कार्यकम)	01	अनारक्षित —01	कृषि अभियांत्रिकी/कृषि/उद्यानिकी/वानिकी/पशुपालन/भू—विज्ञान में स्नातकोत्तर /सिविल अभियांत्रिकी मे डिग्री के साथ—साथ मृदा एवं जल सरंक्षण /वानिकी /शुष्कभूमि कृषि/उद्यानिकी /जलग्रहण क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।	27460/-
4	लेखापाल (WCDC) (जलग्रहण प्रबंधन कार्यकम)	01	अनारक्षित —01	55 प्रतिशत में बी.काम (अ.ज.जा एवं अ.जा. हेतु 50 प्रतिशत में बी.कॉम 1. मान्य संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। 2. किसी भी संस्थाओं से टेली में न्यूनतम 06 माह का डिप्लोमा। एवं किसी भी चार्टड एकाउंटेंट (सी.ए) से एक वर्ष का आर्टिकलसीप का अनुभव प्रमाण पत्र।	12030/-

5	यांत्रिकी (WDT) (जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम)	01	अनारक्षित –01	बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी)/ बी.ई. सिविल के साथ साथ मृदा एवं जल संरक्षण/वानिकी /शुष्कभूमि कृषि/ उद्यानिकी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन के न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।	18080 /-
6	आजीविका (WDT) (जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम)	01	अनारक्षित –01	बी.एस.सी. (कृषि/वानिकी/ उद्यानिकी/मत्स्य/BV&Hsc/के साथ–साथ मृदा एवं जल सरंक्षण /वानिकी /शुष्क भूमि कृषि/ उद्यानिकी/जलग्रण क्षेत्र प्रबंधन में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।	15600 /-
7	समूह विकास (WDT) (जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम)	01	अनारक्षित –01	ग्रामीण प्रबंधन/विकास में MBA/सामाजिक कार्य (MSW) में स्नातकोत्तर के साथ–साथ मृदा एवं जल सरंक्षण/शुष्क भूमि कृषि/उद्यानिकी/जलग्रण क्षेत्र प्रबंधन में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।	15600 /-
8	डाटा एन्ट्री आपरेटर जिला/जनपद स्तर (इंदिरा आवास योजना)	03	अनारक्षित –01 अजजा –02	1.मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उर्त्तीण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की Key डिप्रेशन प्रतिघंटा गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।	10670 /-

नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 01 वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्ति व्यक्ति की उपयुक्ता का आंकलन कर संविदा नियुक्ति अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा।
3. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश तथा 03 दिवस ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। वर्ष के मध्य में नियुक्ति होने अथवा सेवा मुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश के पात्रता की गणना पूर्ण महीनों के लिये अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना के अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस में पूर्णांकित किया जावेगा।

4. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है एवं बिना कारण बताए कभी भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

5. सेवा समाप्ति के बाद कर्मचारी को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।

6. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। समक्ष अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

7. कमांक 2,4, एवं 8 में उल्लेखित पद हेतु केवल नारायणपुर जिले के स्थाई निवासी ही आवेदन करें। कमांक 1,3,5,6 एवं 7 में उल्लेखित पद हेतु राज्य स्तर से आवेदन स्वीकार किए जायेगें।

8. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा भर्ती नियम) 2012 के अनुसार दिनांक 01.03.2013 के अनुसार न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष होना चाहिए, तथा अजा/ अजजा / अपिव /निःशक्त/भूतपूर्व सैनिक आदि के आवेदकों को छ.ग.शासन प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे। सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

9. आयु की गणना दिनांक 01.01.2015 के संदर्भ में की जाएगी।

10. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए सामान्यतः हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।

11. अजा/अजजा/अपिव वर्ग के आवेदकों को जाति की पुष्टि हेतु प्राधिकृत अधिकारी तहसीलदार / अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

12. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंक सूची शासन के राजपत्रित अधिकारी एवं स्वप्रमाणित होने चाहिए। वांछित प्रमाण पत्र नही होने पर आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा। इसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

13. यह नियुक्ति माननीय न्यायालय द्वारा पारित रिट पीटिशन क्र. (सी) 591/2012,592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होंगी।

14. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए –4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ–साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिये। आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का स्वयं सत्यापित रंगीन नवीनतम फोटो चिपकाना एवं स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा (5 रू. डाक टिकट के साथ) संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन एवं सीधे प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।

15. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर, दिया जावेगा। जिसके आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

16. शासकीय, अर्द्वशासकीय, स्वशासी संस्थानों में नियमित पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

17. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें।

18. आवेदक जो पात्र नही होंगे :–

i. जिन आवेदकों की 02 से अधिक संताने हों, जिनमें से 01 का जन्म 26.11.2011 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

ii. महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र नहीं होगें। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।

19. चयन प्रकिया :– विज्ञापित प्रत्येक पद के लिए आवेदक का चयन तैयार की गई मेरिट सूची के अनुसार किया जावेगा।

i- प्राप्त आवेदनों के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के आदेशानुसार बनाई गई परीक्षण समिति/चयन समिति/मूल्यांकन समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

ii- प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच की जाकर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। जो स्वीकृत पद के 05 गुना होगी।

iii- तैयार मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा।

vi- प्रमाण पत्रों की जांच/ कौशल परीक्षा /साक्षात्कार के उपरांत योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति का आदेश नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

20. विज्ञापित पदो की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

21. आवेदक का आवेदन दिनांक 15.05.2015 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत/स्पीड डाक से जिला पंचायत नारायणपुर में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।

22. प्राप्त आवेदनों के संबंध में अधोस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

23. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण पत्रों की जांच सही पाये जाने पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया जावेगा।

24. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

(कलेक्टर महोदय, जिला नारायणपुर द्वारा अनुमोदित)

25/4/15

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

–:: आवेदन पत्र का प्रारूप ::–

जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है,
का पदनाम.....

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत नारायणपुर

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :.....
4. जन्म तिथि (अंकों में) वर्ष.....माह.....दिन.....
   (शब्दों में) :.....
5. दिनांक 01.01.2015 को आयु :.....
6. जाति/वर्ग (अजजा/अजा/अपिव/अनारक्षित) :.....
7. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी दक्षता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि./संस्था कानाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1							
2							
3							
4							
5							
6							

8. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण

क) रोजगार कार्यालय का नाम :.....

ख) प्रथम पंजीयन कमांक व दिनांक :.....

ग) नवीनीकरण कराये जाने की तिथि :.....

घ) अगली नवीनीकरण कराए जाने की तिथि :.....

9. क्या छ.ग. के मूल निवासी है :.....

10. जिले का नाम :.....

11. स्थायी पता :.....

:.....

:.....

12. पत्र व्यवहार का पूरा पता :.....

:.....

:.....

:.....

फोन/मोबाईल नम्बर :.....

13. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र व आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क0.	विभाग का नाम	पदनाम	अवधि

12. क्या आप विकलांग है। :.....

13 क्या उम्मीदवार विवाहित है (हां/नही) :.....

14. यदि विवाहित है तो विवाह का तिथि :.....

15. जीवित बच्चों की संख्या :.....

16. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हो तो।

कितने वर्ष की :.....

संलग्न सत्यापित छायाप्रतियों की सूची :–

1..... 2.....

3..... 4.....

5..... 6.....

7..... 8.....

9..... 10.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है इसमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताए मेरे आवेदन /चयन नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)

संलग्न सत्यापित छायाप्रतियों की सूची :–

1..... 2.....

3..... 4.....

5..... 6.....

7..... 8.....

9..... 10.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है इसमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताए मेरे आवेदन /चयन नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)